प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के दूसर चरण के लिये नाम वापस लेने की समयसीमा पूरी : गौतमबुद्धनगर में 15 और अमरोहा में 12 प्रत्याशी मैदान में : 26 अप्रैल को डाले जायेंगे वोट।
2. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज बिजनौर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को किया संबोधित।
3. कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने लखनऊ में कहा– राज्य में जल्द होगी गठबंधन की महारैली।
4. सोशल मीडिया पर ईवीएम गायब होने के दावे को निर्वाचन आयोग ने बताया गलत। कहा– एक भी ईवीएम गायब नहीं।

और

5. चैत्र नवरात्र की शुरूआत कल से : शक्तिपीठ विंध्यवासिनी धाम में आज मध्य रात्रि से शुरू होगा 9 दिवसीय मेला।

———————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसर चरण के लिये आज नाम वापस लेने का अंतिम दिन था। अमरोहा में आज नाम वापसी के अंतिम दिन तक किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इस सीट पर कुल 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। गौतमबुद्धनगर में भी किसी भी प्रत्याशी ने

नामांकन वापस नहीं लिया। इस सीट पर कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें भारतीय जनता पार्टी से डॉक्टर महेश शर्मा, समाजवादी पार्टी–कांग्रेस गठबंधन से डॉक्टर महेंद्र नाग और बहुजन समाज पार्टी से राजेंद्र सिंह सोलंकी मैदान में हैं।

दूसरे चरण में प्रदेश की 8 सीटों–अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा के लिए 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे और मतगणना 4 जून को होगी।

———————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज नगीना लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी ओम कुमार और बिजनौर से पार्टी प्रत्याशी चंदन चौहान के समर्थन में बिजनौर के धामपुर में जनसभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने दुनिया में देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो काम हुआ है, उसी को लेकर आज हम जनता के बीच है। उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी–योगी ने मिलकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है।

मेरठ, हापुड़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविंद आज हापुड़ पहुंचे और उन्होंने हापुड़ विधानसभा क्षेत्र के कई गांव में जनसंपर्क किया। गांव असौड़ा में

उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह सेवा करने किए चुनाव में उतरे हैं और उनका चरित्र ही सेवा का है।

—————————

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव आर उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने आज लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि कांग्रेस प्रदेश में सपा के साथ पूरा समन्वय कर रही है और लगातार सपा के सभी मुद्दों पर चर्चा हो रही है। उन्होंने बताया कि यूपी में जल्द एक महारैली होने जा रही है। इसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव और मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे। इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश की 80 सीटों पर मजबूती से लड़ रहा है और हम लोग ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतेंगे। श्री पांडे ने कहा कि अमेठी और रायबरेली सीटें सिर्फ उत्तर प्रदेश के लिए नहीं बल्कि कांग्रेस के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हैं, जल्द ही केंद्रीय नेतृत्व इस पर फैसला लेगा।

बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने कल बुलंदशहर के खुर्जा और गाजियाबाद के साहिबाबाद में चुनावी जन सभाओं को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि बसपा अपने कार्यकर्ताओं के तन मन और धन से चुनाव लड़ती है। आकाश आनंद ने

कहा कि प्रदेश में जब बसपा की सरकार थी तब शिक्षा और नौकरी सब कुछ मिलता था।

————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव दो हजार चौबीस में युवा और शहरी मतदाताओं की भागीदारी बढाने के लिए सोशल मीडिया पर कई पहल और अभियानों की शुरुआत की है। आयोग मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने के लिए टर्निंग–एट्टीन और यू आर द वन अभियानों के माध्यम से आकर्षक विषयों, लोकप्रिय आइकन और जेनजेड सामग्री का उपयोग कर रहा है। टर्निंग–एट्टीन अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में पहली बार वोटर बन रहे युवा मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित और प्रोत्साहित करना है। यू आर द वन अभियान का उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया में शामिल विभिन्न हितधारकों के अमूल्य योगदान को स्वीकृति देना है।

भारत निर्वाचन आयोग ने कुछ सोशल मीडिया प्लेटफर्म पर प्रसारित हो रहे उस संदेश को गलत बताया है, जिसमें पंद्रह लाख ई.वी.एम. गायब होने का दावा किया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दावा भ्रामक है। यह भी बताया गया कि एक भी ईवीएम गायब नहीं हुई है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी ईवीएम अनियमितता वाली याचिका को खारिज कर दिया

है। आयोग ने कहा है कि विश्वसनीय सूचना के लिए उसकी आधिकारिक वेबसाइट को देखा जा सकता है।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

प्रदेश में श्रद्धालुओं ने आज सोमवती अमावस्या के मौके पर पवित्र नदियों में डुबकी लगाकर दान पुण्य किया। महिलाओं ने पीपल की पूजा अर्चना की। चित्रकूट में खास सोमवती अमावस्या मेले का आयोजन किया गया। जलाधिकारी अभिषेक आनन्द और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने आज मेले की व्यवस्थाओं को लेकर तीर्थ क्षेत्र रामघाट, परिक्रमा मार्ग सहित पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान सफाई, पीने के पानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के निर्देश दिए गए। वहीं प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.......

*आज सोमवती अमावस्या पर पवित्र त्रिवेणी संगम में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर सुख–समृद्धि की कामना की। भोर पहर से ही संगम घाट पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर भगवान सूर्य व भगवान विष्णु का मंत्रोच्चारण के साथ घाट पर जल अर्पित कर पूजन किया और जरूरतमंदों में अनाज और वस्त्र दान किया। इस बार चैत्र नवरात्र से एक दिन पहले सोमवती अमावस्या सोमवार को पड़ी है। सनातन धर्मावलंबी महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए आज के दिन व्रत रखकर पीपल के वृक्ष की पूजा और परिक्रमा करके कच्चे सूत का फेरी देती हैं। सोमवार चंद्र देवता को समर्पित दिन है। भगवन चंद्र को मन का कारक माना जाता है अतः इस दिन अमावस्या पड़ने का अर्थ है कि यह मन संबंधित दोषों को दूर करने के लिए उत्तम है। शास्त्रो के अनुसार सोमवती अमावस्या पर चंद्रमा का अमृतांश पृथ्वी पर सबसे अधिक पड़ता है। निर्णय सिंधु के अनुसार इस दिन मौन रहकर स्नान–ध्यान करने से सहस्त्र गौ दान का पुण्य मिलता है।*

*प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज,*

————————

चैत्र नवरात्र की शुरूआत कल से होने जा रही है। इसे लेकर लखनऊ समेत प्रदेश भर में दुर्गा मंदिरों में तैयारियां अन्तिम चरण में हैं। मिर्जापुर जिले में स्थित विध्यवासिनी धाम तथा बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। मंदिरों में भीड़ को प्रबंधित करने के लिये पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। शक्तिपीठ विध्यवासिनी धाम मे आज मध्य रात्रि से 9 दिवसीय चत्र नवरात्र मेला प्रारम्भ हो रहा है। मेले की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट....

*विन्ध्याचल मे आज मध्य रात्रि से चैत्र नवरात्र मेला प्रारम्भ हो जायेगा। मेले को सुरक्षा की दृष्टि से 10 जोन व 21 सेक्टरों मे विभाजित कर जोनल मजिस्ट्रेट्रों व सेक्टर मजिस्ट्रेट्रों की तैनाती की गई है। उत्तर मध्य रेलवे*

*श्रधालुओं की सुविधा के लिये विंध्याचल स्टेशन पर एक दर्जन से भी अधिक ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव की व्यवस्था की है। परिवहन विभाग प्रदेश के विभिन्न जिलों को विंध्याचल से जोड़ने के लिये दो सौ के करीब अतरिक्त बसें चला रहा है। मेला क्षेत्र मे सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। दो हजार से भी अधिक पुलिस के जवान तैनात किये जा रहे हैं। माता विंध्यवासिनी मंदिर की सुरक्षा के लिये आतंक विरोधी दस्ता ए टी एस की तैनाती की गई है। श्रधालुओं को सुरक्षित दर्शन कराने के लिये ड्रोन कैमरे की भी मदद ली जाएगी। माँ विंध्यवासिनी देवी मंदिर के गर्भ गृह के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया गया है। मेले मे हिस्सा लेने के लिये श्रद्धालुओं के पहुँचने का सिलसिला शुरू हो गया है। माँ विंध्यवासिनी मंदिर सहित अन्य मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। माता का धाम नवरात्रि भर फूलों की महक से महकेगा।*

*एस0एम0 सबा, आकाशवाणी समाचार, विंध्याचल, मिर्जापुर।*

---

**राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को कल स शुरू हो रही नवरात्र पर हार्दिक शुभकामनाएं दी है।**

**राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि नव संवत्सर और नवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति, प्रकृति और शक्ति के आराधना का पर्व है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चैत्र नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।**

**(समाप्त)**